पत्रसंख्या -फार्म अनु0 -परिवहन मेमो /ओ0सी0स्टैम्प /(586)-2010-11 /328/1011098 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर,वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश

(फार्म अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक :: 01 ~~फरवरी~~ मार्च,2011

**समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर ,वाणिज्य कर।**

**समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक/वि0अनु0शा0)वाणिज्य कर।**

**समस्त डिप्टी कमिश्नर /असि0कमि0 /वाणिज्य कर अधिकारी (स0द0/वि0अनु0शा0/क0नि0)**

**<u>वाणिज्य कर ;उत्तर प्रदेश।</u>**

विधि अनुभाग के पत्रसंख्या -विधि -4-(1)परिपत्र पत्रावली भाग -2 (2010-11)/1715 /1011081/ वाणिज्य कर दिनांक 07-01-2011 के अन्तर्गत मैन्था ऑयल /डी मैन्थलाइज्ड आयल (डी0एम0ओ0)/मैन्थाल (2) सुपारी (3) सीमेन्ट (4) आयरन एण्ड स्टील के 50 कि0ग्रा0 भार के 300 बोरी सीमेण्ट, 09 टन आयरन एण्ड स्टील तथा सुपारी के 70 कि0ग्रा0 भार वाले 50 बैग व इससे अधिक माल के एक व्यापारी / उत्पादक द्वारा परिवहन किये जा रहे माल पर फार्म -21 (परिवहन मेमो) की व्यवस्था लागू किये जाने एवं व्यापारी द्वारा टैक्स इनवाईस /सेल इनवाईस बुक में माल के प्रस्थान की तिथि एवं समय , गन्तव्य स्थान पर माल पहुँचने की तिथि एवं समय और वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर का कॉलम प्रिन्ट /स्टैम्पिंग कराकर सम्बन्धित टैक्स /सेल इनवाईस बुक विभागीय अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर इन कालमों पर आवश्यक अंकन करते हुए माल का परिवहन किये जाने एवं ऐसे व्यापारी /निर्माता जिनके द्वारा कम्प्यूटर से टैक्स /सेल इनवाईस जारी किया जाता है उनके द्वारा प्रतिहस्ताक्षर कराना सम्भव न होने से अवगत कराते हुए ऐसे व्यापारियों को अपने कर निर्धारण अधिकारी से आवश्यकतानुसार ओ0सी0 स्टैम्प प्राप्त करने तथा ओ0सी0 स्टैम्प को परिवहित किये जाने वाले माल के साथ रहने वाले टैक्स /सेल इनवाईस पर लगाये जाने तथा उसी क्रमांक के दूसरे ओ0सी0 स्टैम्प को अपने अभिलेखों पर रखे जाने वाली प्रति पर लगाकर सुरक्षित रखे जाने की गयी व्यवस्था से अवगत कराया गया है।

मुख्यालय पर उपलब्ध सूचना के अनुसार निम्न जोनो में दिनांक 01-01-11 को क्रमांकित स्टैम्प 4,16,441बी0बी0, 2,44,746 सी0सी0 तथा 49360 डी0डी0 सीरीज के उपलब्ध है जो वर्तमान में प्रचलन में नहीं है :-

| क्र0सं0 | जोन का नाम | स्टैम्प बी0बी0 सीरीज | स्टैम्प सी0सी0 सीरीज | स्टैम्प डी0डी0 सीरीज |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गौतमबुद्धनगर | 32054 | 1327 | 2885 |
| 2 | लखनऊ | 48000 | 12000 | ---- |
| 3 | वाराणसी | 33000 | 7000 | ---- |
| 4 | इलाहाबाद | 66000 | 17000 | ----- |
| 5 | मुरादाबाद | 63008 | 34886 | 433 |
| 6 | अलीगढ़ | 8000 | --- | 14000 |
| 7 | गोरखपुर | 72400 | 30500 | 250 |
| 8 | मेरठ | 10000 | 15800 | 20000 |
| 9 | फैजाबाद | --- | 28900 | 5000 |
| 10 | इटावा | 24000 | --- | --- |
| 11 | झाँसी | 39479 | 83049 | 6792 |
| 12 | सहारनपुर | 20500 | 14284 | ---- |
| | कुल योग | 4,16,441 | 2,44,746 | 49360 |

वर्तमान में ओ0सी0 स्टैम्प ए0ए0 सीरीज की भारी संख्या में की जा रही मॉग एवं इनकी उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि स्टॉक में उपलब्ध क्रमांकित बी0बी0 ,सी0सी0 तथा डी0डी0 सीरीज के स्टैम्प का प्रयोग भी ए0 ए0 सीरीज स्टैम्प के स्थान पर किया जाय तथा कर निर्धारण अधिकारियों को इन्हें आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराते हुए इनका पूरा विवरण रखा जाय एवं उन्हें यह निर्देशित कर दिया जाय कि ए0ए0 सीरीज के ओ0सी0स्टैम्प उपलब्ध न रहने पर इन सीरीज के स्टैम्प को भी व्यापारियों को उनकी मॉग के अनुरुप उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा इसका पूरा विवरण अभिलेखों पर रखें। व्यापारियों द्वारा इनका प्रयोग किये जाने पर इन सीरीज के स्टैम्प को उसी प्रकार मान्यता प्रदान की जाए जिसप्रकार ए0ए0 सीरीज के ओ0सी0स्टैम्प को मान्यता प्रदान की जा रही है। किसी जोन में ओ0सी0 स्टैम्प के अनुपलब्धता की स्थिति में अन्य जोन से जहाँ आवश्यकता से अधिक स्टैम्प उपलब्ध है, से आवश्यकतानुसार अपने जोन के लिए स्टैम्प प्राप्त करके आपूर्ति कराना सुनिश्चित करेंगें।

उपर्युक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय एवं इसका प्रचार -प्रसार अपने स्तर से अधिवक्ता संघो एवं व्यापारिक संगठनों को भी कराना सुनिश्चित करेंगें।

(चन्द्रभानु)

कमिश्नर,वाणिज्य कर

उत्तर प्रदेश।

<u>**पृष्ठांकन पत्रसंख्या व दिनांक उक्त।**</u>

निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. संयुक्त सचिव ,कर एवं निबंधन अनुभाग -4 उ0प्र0 शासन सचिवालय,लखनऊ।
2. अधीक्षक मुद्रण एवं लेखन सामग्री,उ0प्र0 इलाहाबाद।
3. डिप्टी कमिश्नर /असिस्टेन्ट कमिश्नर /वाणिज्य कर अधिकारी (उच्च न्याय0 कार्य) इलाहाबाद /लखनऊ।
4. मुख्यालय के समस्त अनुभाग अधिकारी।
5. श्री पी0एस0 जैन अधिवक्ता सदस्य ,उ0प्र0राज्य स्तरीय वाणिज्य कर सलाहकार समिति ए-138 ए सेक्टर -27, नोएडा।
6. श्री मनीष शर्मा ,ला एण्ड मैनेजमेन्ट हाउस ,आर0 -15/5 राजनगर ,गाजियाबाद।
7. श्रीमती इन्दु मिश्रा, इन्दु पब्लिकेशन्स RDC-51 राजनगर ,गाजियाबाद।

**(एम0 के0 श्रीवास्तव)**
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स0द0/फार्म)वाणिज्य कर,
मुख्यालय,लखनऊ।